From the house of
HOME CABLE
HOME NET

# होम टाइम्स

हिंदी

साप्ताहिक शनिवार

FREE COPY

RNI No. MAHHIN/2016/75969 | Post Reg. No. MNE/410/2019-21 | Volume 8 | Issue 34 | Saturday, 18th November to 24th November 2023 | Price ~~Rs 3~~

www.hometimes.in www.facebook.com/hometimes.in www.twitter.com/hometimes_news hometimes.in write2us@hometimes.in

## ५ महीने बाद भी अधर में लटकी फेरीवालों को पात्र करने की प्रक्रिया

### मनपा के कामकाज पर फेरीवाले नाराज

■ होम टाइम्स टीम

महीनों से मुंबई महानगरपालिका के पास अधर में लटका फेरी वालों को पात्र करने की फाइल इन्हीं फेरीवालों के लिए खतरे की घंटी बन गई है एक तरफ जहां फेरीवालों को पत्र करने को लेकर कोई फैसला नहीं लिया जा रहा तो वहीं दूसरी तरफ मुंबई महानगरपालिका की ओर से फेरी वालों पर भर्ती दंडात्मक कार्रवाई की जाती है जिसको लेकर फेरी वालों में नाराजगी देखी जा रही है।



फाइल फोटो

मुंबई में फेरीवाला पॉलिसी को लागू करने से पहले अनेक परेशानियों का सामना प्रशासन को करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में हॉकर्स पॉलिसी बनाने के लिए गठित की गई टाउन वेटिंग कमेटी की ओर से ३२ हजार ४१५ फेरी वालों को पात्र करने को लेकर सजेशन और ऑब्जेक्शन का काम भी पूरा कर लिया गया है। जिसे ५ महीने बीत गए हैं। इस काम की एक फाइल बीएमसी कमिश्नर के पास मंजूरी के लिए भेजी गई है। परंतु महीना बीत जाने के बाद अब तक इस पर कोई भी एक्शन नहीं लिया गया है।

इस पर बीएमसी के अधिकारी ने बताया कि कमिश्नर की ओर से इस पर अब तक मंजूरी नहीं दी गई है। मंजूरी मिलने के बाद कमिश्नर की अध्यक्षता में टाउन वेंडिंग कमेटी का गठन किया जाएगा। फिर समिति के सदस्यों का भी चयन किया जाएगा। आपको बता दें कि प्रशासन की ओर से २० जून २०२३ को ३२ हजार ४१५ फेरीवालों की पात्रता सूची घोषित की गई थी , और इस पर १४ जुलाई तक सजेशन और ऑब्जेक्शन मांगे गए थे। एक तरफ जहां ३२ हजार फेरी वालों की सूची को लेकर हॉकर्स संगठन ने अपना विरोध किया है तो वही महीनों बीत जाने के बाद इन फेरीवालों पर कोई भी निर्णय न लेने से फेरीवालों में भी नाराजगी देखी जा रही है।

(शेष पेज २ पर)

## खुले में कूड़ा जलाने वालों पर मनपा करेगी दंडात्मक कार्रवाई

### मनपा द्वारा जारी की गई हेल्प लाइन

■ होम टाइम्स टीम

मुंबई में बढ़ते प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए मनपा प्रशासन की ओर से एक नई उपाय योजना शुरू की गई है। कूड़ा जलाने वालों पर अंकुश लगाने के लिए नगर निगम प्रशासन की ओर से हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। अगर कोई इस तरह का कचरा जलाता हुआ दिखे तो नगर निगम प्रशासन ने सीधे इसकी सूचना देने का प्रावधान किया है।

दीपावली के दौरान मुंबई में प्रदूषण का ग्राफ खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बीच मनपा प्रशासन ने कहा है कि खुले



फाइल फोटो

में कूड़ा जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत कूड़ा जलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इसलिए अगर कोई कूड़ा जला रहा है तो नगर निगम ने उससे 'मुख्यमंत्री स्वच्छ मुंबई हेल्पलाइन ८१६९६-८१६९७' पर फोटो के साथ शिकायत दर्ज करने की अपील की है। शहरों और कुछ उपनगरों में निपटान के लिए अक्सर कचरा जला दिया जाता है।

(शेष पेज २ पर)

# बिना नोटिस दिए मुलुंडकरों की काटी गई बिजली

## कांग्रेस के प्रयासों से दीपावली के दौरान इन घरों में लौटी रौनक

■ होम टाइम्स टीम

खुशियों और दीपों के पर्व दीपावली के दौरान मुलुंड के जय शास्त्री नगर इलाके में रहने वाले ३० से अधिक परिवारों को बिना नोटिस दिए उनकी बिजली आपूर्ति काट दी गई थी। जिसके बाद कांग्रेस की ओर से संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की गई और दोबारा से इन लोगों के घरों में बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई, जिसके चलते यहां रहने वाले नागरिकों की ओर से कांग्रेस का आभार व्यक्त किया गया है।



दीपावली उजालों का पर्व माना जाता है। परंतु मुलुंड में रहने वाले ३० से अधिक परिवारों पर यह त्यौहार अंधेरे में मनाने की नौबत आई हुई थी। दरअसल मुलुंड पश्चिम जय शास्त्री नगर में रहने वाले ३० से अधिक परिवारों को एमएसईबी की ओर से बगैर नोटिस दिए उनकी बिजली आपूर्ति काट दी गई थी। याद दिला दे कि इन इलाकों में अक्सर तेंदुए और सांप जैसे जानवरों को देखा जाता है। जो कि यहां रहने वाले नागरिकों के लिए कई बार खतरा बन गए है। ऐसे समय में बिजली आपूर्ति ठप्प करने से यहां रहने वाले नागरिकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसके बाद यहां रहने वाले परिवारों ने कांग्रेस के ब्लॉक कार्यालय में जाकर अपनी समस्या बताई और आखिरकार कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष विठ्ठल सातपुते की ओर से इस मामले में एमएसईबी के अधिकारियों से चर्चा की गई और आखिरकार दीपावली के पहले ही इन परिवारों की बिजली आपूर्ति दोबारा से शुरू कर दी गई। इसके बाद यहां रहने वाले नागरिकों की ओर से कांग्रेस का आभार व्यक्त किया गया है और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को पेड़े भी खिलाएं गए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर विरोधकों को दबाने की कोशिश किए जाने की बात भी कही गई। इतना ही नहीं पांच राज्यों में चल रहे चुनाव के नतीजे में कांग्रेस की जीत और २०२४ में भी कांग्रेस के जीतने की बात मुंबई कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष चरण सिंह सप्रा की तरफ से होम टाइम्स से कही गई है।

पेज १ का शेष

## खुले में कूड़ा जलाने वालों पर मनपा करेगी दंडात्मक कार्रवाई

इससे वातावरण में जहरीला धुआं फैल रहा है। विशेषज्ञों ने बताया कि इससे कैंसर, लीवर रोग, आंत में और सांस की बीमारी और मस्तिष्क संबंधी विकार होने की संभावना अधिक है। खास बात यह है कि विशेषज्ञों की राय को ध्यान में रखते हुए महानगर पालिका ने कूड़ा जलाने वालों के खिलाफ प्रदूषण के नए नियम के अंतर्गत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने २६ अक्टूबर को वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिशानिर्देश जारी किये हैं। इसके क्रम संख्या ९ का अनुपालन करने के लिए, नगर पालिका ने व्हाट्सएप सेवा नंबर पर शिकायत दर्ज करने के लिए टैब में 'कचरा जलाने' विकल्प को अपडेट किया है। खुले में कूड़ा जलाना, पर्यावरण कानूनों और भारतीय दंड संहिता के तहत अपराध है। इसके लिए कानून में सख्त दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। हालाँकि, नागरिक अक्सर खुले में कचरा जलाकर कचरे का निपटान करते हैं और वैकल्पिक रूप से कानून का उल्लंघन करते हैं। नगर निगम के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि प्रदूषण फ़ैलाने वालों को सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा उन्हें किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी ।

इस बीच, मुलुंड के विधायक मिहिर कोटेचा ने पहले भांडुप सोनापुर क्षेत्र में कचरे का प्रसंस्करण करने वाले अनधिकृत दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इस जगह पर बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा जलाया जाता है। इसलिए यह भी मांग की गई कि मनपा प्रशासन समय-समय पर मुलुंड, खिंडीपाड़ा और भांडुप, सोनापुर इलाकों में छापेमारी करे और प्रदूषण फैलाने के आरोप में इन जगहों के दोषी व्यवसायियों के खिलाफ कार्रवाई करे। ऐसे में यह देखना जरूरी है कि आखिर नगर निगम प्रशासन नए आदेश के आधार पर यहां कौन से कड़े कदम उठाएगी ?

> “ मुंबई महानगर और उसके आसपास वायु प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए वायु प्रदूषण को रोकने के लिए नागरिकों को मनपा प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। यदि कोई कूड़ा जलाता हुआ मिले तो तुरंत सूचना दें।
>
> – चंदा जाधव, उपायुक्त, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग

पेज १ का शेष

## ५ महीने बाद भी अधर में लटकी फेरीवालों को पात्र करने...

फेरीवालों का यह कहना है कि मुंबई में दिन प्रतिदिन फेरीवालों की संख्या बढ़ती जा रही हैं। महीना बीत जाने के बाद भी प्रशासन की ओर से इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है जिसके चलते दोबारा से यह सर्वे किया जाना चाहिए और बाद में अंतिम सर्वे की सूची मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त को दी जानी चाहिए। एक तरफ अवैध फेरीवालों को लेकर जहां महानगरपालिका की ओर से कार्रवाई की जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ फेरी वालों को पात्र करने के लिए कोई फैसला नहीं लिया गया है।

# बिना कारण ट्रैफिक करने वालो पर ट्रैफिक पुलिस की दंडात्मक कार्रवाई शुरू

## १८ हजार से अधिक वाहन चालकों से वसूला गया जुर्माना

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड में बढ़ते ट्रैफिक और डबल पार्किंग की समस्या को देखते हुए यातायात विभाग अब अलर्ट हो गया है। जहां मुलुंड में १८ हजार से अधिक वाहनों पर दंडात्मक कार्रवाई की गई है। यातायात विभाग की ओर से नागरिकों से नियमों का पालन करने की अपील भी की गई है।

मुंबई में आए दिन वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है और इन्हीं बढ़ती वाहनों की संख्या को देखते हुए कई बार नागरिकों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है। इनमें से अधिकतर समय अवैध पार्किंग और डबल पार्किंग जैसे कई कारणों के चलते यह ट्रैफिक जाम देखा जाता है। मुलुंड में भी कई बार इस तरीके की समस्याओं का सामना नागरिकों को करना पड़ा है। जिसको देखते हुए अब मुलुंड यातायात विभाग अलर्ट मोड पर आ गई से और कार्रवाई को तेज कर दिया गया है। आंकड़ों की माने तो एक जनवरी से लेकर



१५ नवंबर तक १८ हजार ५४८ वाहनों पर मोटर वाहन एक्ट १२२ के तहत करवाई की गई है। आपको बता दें मोटर वाहन एक्ट १२२ के तहत डबल पार्किंग करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जाती है। इसी के चलते नागरिकों को कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ते हैं। इसके साथ ही कई बार डबल पार्किंग दुर्घटनाओं का कारण भी बन जाता जाता है।

मुलुंड पूर्व हो या पश्चिम दोनों परिसरों में यही हाल है। इस वर्ष १ नवंबर से लेकर १५ नवंबर तक ४६२ वाहन चालकों पर यह कार्रवाई की गई है। मुलुंड पश्चिम में सर्वो दय नगर, आरआरटी रोड, जे एन रोड, मुलुंड कॉलोनी इन इलाको में सबसे ज्यादा कार्रवाई नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर की गई है। मुलुंड पश्चिम के साथ-साथ मुलुंड पूर्व में भी इसी तरीके से यातायात विभाग की ओर से दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। यातायात विभाग की तरफ से मुलुंड और मुंबई में रहने वाले नागरिकों से अपील की गई है कि यातायात नियमों का पालन करें साथ ही डबल पार्किंग से बचें ताकि दुर्घटनाओं और कार्रवाई से बचा जा सकें।

# महानगर पालिका और परिवहन विभाग ने सुधारी अपनी गलती

## पूर्व की ओर लगे नो पार्किंग के बोर्ड को हटाना शुरू किया

■ होम टाइम्स टीम

नो पार्किंग बोर्ड पर नागरिकों द्वारा ली गई आपत्ति के बाद यातायात विभाग और नगर निगम प्रशासन ने मुख्य मार्गों के अलावा अन्य सड़कों पर लगे पार्किंग बोर्ड हटाना शुरू कर दिया है। अगले सप्ताह में पूरे क्षेत्र से नो पार्किंग का बोर्ड हटा दिया जाएगा। जिससे लगता है कि पूर्व में लोगों की पार्किंग की समस्या कुछ हद तक हल हो जाएगी।

मुलुंड पूर्व में पार्किंग का मुद्दा हमेशा से एक प्रमुख मुद्दा रहा है। सड़कों पर अवैध पार्किंग न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए मनपा प्रशासन और यातायात विभाग ने उचित स्थानों पर नो पार्किंग के बोर्ड लगा दिए हैं। लेकिन चूंकि मुलुंड पूर्व में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिए खरीदारी और अन्य गतिविधियों के लिए लाए गए वाहनों को पार्क करने की कोई सुविधा नहीं है। नतीजतन, वाहन चालक सड़क पर कार पार्क कर देते हैं। इससे ट्रैफिक जाम हो जाता है। इस संबंध में कई शिकायतें परिवहन विभाग के पास आई हैं। इसलिए नगर पालिका और परिवहन विभाग द्वारा वाहन खड़े करने वालों पर सीधी कार्रवाई की जाती है। कईयों पर ऑनलाइन जुर्माना लगाया जा रहा है। इस स्थान पर गाड़ियां खड़ी न हों, इसके लिए नगर पालिका और परिवहन विभाग की ओर से 'नो पार्किंग; के बोर्ड लगाए गए थे। जिसके बाद ऐसे बोर्ड की वजह से ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई और नागरिकों में गुस्से का माहौल फैलने लगा। इसलिए नागरिकों की मांग है कि पहले पार्किंग की सुविधा दी जाए, फिर जुर्माना लगाया जाए ,लोगों के बढ़ते असंतोष को देखते हुए मनसे ने इसका विरोध किया था। होम टाइम्स ने इस बोर्ड के बारे में कांजूर परिवहन विभाग से भी पूछताछ की थी. होम टाइम्स ने प्रशासन को बताया कि जगह-जगह नो पार्किंग के बोर्ड लगाने से नागरिकों में नाराजगी फैल गई है, जबकि लोगों को अपनी गाड़ियां पार्क करने के लिए जगह नहीं मिल रही है। लोगों के इस असंतोष को देखते हुए कांजूर के यातायात विभाग ने इन स्थानों पर लगे नौ नो पार्किंग बोर्ड को हटाने की तैयारी दिखाई है। साथ ही केलकर कॉलेज परिसर व अन्य स्थानों से नो पार्किंग का बोर्ड हटाया गया। केवल मुख्य सड़क के बोर्ड ही नहीं हटाए गए। साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने आश्वासन दिया है कि उक्त सड़कों पर नो पार्किंग का बोर्ड हटाकर पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

> हमने समय-समय पर नो पार्किंग पर रुख अपनाया है। उस संबंध में नगर निगम प्रशासन और परिवहन विभाग को निवेदन भी दिया गया था। हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया , ट्रैफिक विभाग इस मुद्दे पर सकारात्मक कदम उठाते हुए कुछ जगहों पर नो पार्किंग के साइन हटा रहा है। लेकिन सिर्फ़ दिखावे की कार्रवाई न करते हुए नागरिकों के लिए वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी निभाना भी जरूरी है।
>
> **– सत्यवान दलवी,**
> मनसे उपाध्यक्ष, मुलुंड

# संपादकीय

हिमांशु कोठारी

## अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस : रखें अपनी सेहत का ध्यान

पुरुष हो महिला आजकल सभी समान दर्जा दिया जाता है। जिस तरह हर साल हम महिला दिवस मनाते है उसी तरह अब अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस मनाने का भी ट्रेंड शुरू हो गया है। अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस हर साल १९ नवंबर को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत साल १९९८ में त्रिनिदाद और टोबैगो में हुई थी। तब डॉ. जीरोम तिलक सिंह ने पुरुषों के योगदान को एक नाम देने का बीड़ा उठाया था। जिसके बाद से ही उनके पिता के जन्मदिन यानी १९ नवंबर को दुनियाभर में पुरुष दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. जीरोम ने ही 'अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस' की पहल की थी। अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस एक महत्वपूर्ण उत्सव है, जिसका उद्देश्य पुरुषों के अधिकारों, समानता, और समरसता की बढ़ावा करना है। हर साल इंटरनेशनल मेन्स डे की थीम अलग अलग रहती है। पिछले साल इसकी थीम 'पुरुषों और लड़कों की मदद का था। इस वर्ष २०२३ की थीम, जीरो मेल सुसाइड, एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास कर रही है, जिसमें पुरुषों के सुसाइड की रेट को कम करने और उन्हें जीवन को सकारात्मक रूप से नियंत्रित करने का समर्थन किया जा रहा है। इसी के साथ को पुरुषों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का भी मुख्य उद्देश्य है। यह दिन पुरुषों के स्वास्थ्य के साथ ही सामाजिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम हो सकता है। इस विषय पर चर्चा करना और इसके समाधानों की दिशा में साझा करना सामाजिक संदेश बढ़ाने में मदद कर सकता है। इस अवसर पर, लोगों को जागरूक करने और समरसता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम और आयोजन किए जा सकते हैं। इस दिन को मनाने के माध्यम से, समाज में समरसता, सामंजस्य, और सामाजिक न्याय की भावना को बढ़ावा मिलता है।

आजकल की भागती दौड़ती जिंदगी में पुरुष वर्ग कुछ ज्यादा ही व्यस्त हो गए है। पहले के जमाने में पुरुष वर्ग बाहर जाकर काम करते थे और बाद में घर आकर आराम। लेकिन वर्तमान समय में पुरुषों की सोच भी बदल गई है, रिश्तों में समानता आने से महिलाओं के साथ ही पुरुषों की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। वे भी हर कार्य में अपनी मौजूदगी दिखाते हुए घर से लेकर बाहर तक के सभी कार्य करते हैं। इसी व्यस्तता भरी जिन्दगी में वे अपने स्वास्थ्य को नजर अंदाज करने लगे है। पुरुषों में मदिरा सेवन ,सिगरेट आदि आदतें होती है जिससे उनके स्वास्थ्य पर उम्र से पहले असर दिखना शुरू हो जाता है। आज के इस वर्क कल्चर में टेंशन की कमी नहीं है इसी के चलते पुरुषों ने ३५ की उम्र पार करते ही अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग रहना आवश्यक हो गया है। यदि हम पुरुषों में बढ़ने वाले हार्ट अटैक या अन्य बीमारियों की तरफ देखे तो आज के वर्क कल्चर में लोगों को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता बढ़ गई है। टेंशन, बढ़ती दिनचर्या, और तेजी से बढ़ती तकनीकी दुनिया के कारण, लोगों को खुद के स्वास्थ्य की देखभाल करना अब महत्वपूर्ण बनता जा रहा है। जब पुरुष ३५ की आयु को पार करते हैं, तो उन्हें अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल में विशेष ध्यान देना चाहिए। नियमित रूप से व्यायाम करना शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है और तनाव को कम करता है। उन्हें आहार में संतुलित मात्रा में पोषणयुक्त आहार जैसे फल, सब्जियां, अनाज, और प्रोटीन युक्त खाना लेना चाहिए। नियमित रूप से डॉक्टर से मिलकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाना आवश्यक है। पुरुषों को नियमित और पर्याप्त नींद लेना चाहिए, क्योंकि यह उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। अपने व्यस्त दिनचर्या में से योग, ध्यान करना चाहिए जो तनाव को कम करने में मदद कर सकती हैं। आजकल के पुरुष अधिक तनाव आने पर या व्यापार में नुकसान होने पर सुसाइड करने का विचार करते है। लेकिन यदि उनका स्वास्थ्य सही रहेगा तो शायद वे इन सब बातों को नजर अंदाज कर सकते हैं। यह सभी कार्य एक पुरुष को उम्र बढ़ने के बावजूद एक स्वस्थ और सजग जीवन दे सकते है।

**आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस की शुभकामनाएं**

## कांग्रेस की ओर से अनोखे अंदाज में मनाया गया बाल दिवस



■ होम टाइम्स टीम

मुंबई कांग्रेस की ओर से बाल दिवस बड़े ही अनोखे अंदाज में मनाया गया। जहां मुंबई के सड़कों पर रहने वाले बच्चों को कंबल और दीपावली के दौरान बनाए जाने वाले स्वादिष्ट व्यंजन दिए गए। कांग्रेस के इस मुहिम से बच्चों के चेहरे पर खुशियां देखी गई।

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर बाल दिवस का पर्व मनाया जाता है। इसी कड़ी में मुंबई कांग्रेस की ओर से १४ नवंबर को यह पर्व अनोखे अंदाज में मनाया गया। जहां मुंबई कांग्रेस की ओर से मुलुंड के सड़कों पर रहने वाले बच्चों को कंबल और विभिन्न प्रकार के दीवाली फरहाल दिए गए। इस वर्ष दीपावली के दौरान आने वाले बाल दिवस के अवसर पर मुंबई और मुलुंड के सड़कों पर रहने वाले नागरिकों के साथ यह पर्व मनाया गया।

मुलुंड पश्चिम आर मॉल स्थित एलबीएस रोड, मुलुंड पश्चिम अंबाजी धाम और मुलुंड पूर्व के मीठागर रोड स्थित म्हात्रे नगर इलाके में कंबल और व्यंजन दिए गए। इस दौरान भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी।




मुलुंड सेवा संघ की ओर से मुलुंड के कालिदास रंगमंच पर पूर्व नगरसेवक प्रकाश गंगाधरे ने दिवाली पहाट का आयोजन किया था। दिवाली के मौके पर इन कार्यक्रमों में संगीत प्रेमियों को भक्ति गीतों का अनोखा संगम देखने को मिला। भाजपा मुंबई प्रदेश अध्यक्ष एड. आशीष शेलार, सांसद मनोज कोटक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

# दीपावली के पर्व के चलते बिगड़ी मुंबई की हवा

## बॉम्बे हाईकोर्ट की नियमावली को किया नजरंदाज

■ होम टाइम्स टीम

दीपावली के पर्व के दौरान मुंबई में मुंबई हाई कोर्ट की ओर से जारी नियमावली की जमकर धज्जियां उड़ाई गई और रात १२:०० बजे के बाद भी आतिशबाजी जारी रही। जिसके चलते मुंबई का एयर क्वालिटी इंडेक्स खराब श्रेणी का दर्ज किया गया है और विशेषज्ञों की ओर से सांस से जुड़ी समस्याओं का सामना करने वाले नागरिकों को बेवजह घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुंबई हाई कोर्ट की ओर से रात ८:०० बजे से लेकर १०:०० बजे तक ही पटाखे फोड़ने, उनकी बिक्री करने आदि की अनुमति दी गई थी। परंतु दीपावली के पर्व को लेकर मुंबई हाई कोर्ट की ओर से जारी इस आदेश का जमकर उल्लंघन किया गया। रात १२:०० बजे के बाद भी मुंबई में पटाखे फोड़ने का सिलसिला जारी रहा। जिसकी वजह से मुंबई में वायु गुणवत्ता २५० के पास दर्ज की गई जो की हानिकारक श्रेणी में आती है। आंकड़ों की माने तो बीते ५ वर्षों में इस वर्ष मुंबई में सबसे ज्यादा ध्वनि प्रदूषण के डेसीबल दर्ज किए गए हैं। जो की ११७.२ है। वर्ष २०२२ में ध्वनि प्रदूषण का स्तर १६२ डेसीबल था और वर्ष २०२१ में १०० डेसीबल था। तो वहीं वर्ष २०२० में १०५ डेसीबल था जबकि फरवरी २०१९ में ११२ डेसीबल आवाज दर्ज की गई थी।

आपको बता दें कि मुंबई पुलिस ने मुंबई हाई कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करने वालों ७८४ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है और इनसे जुर्माना भी वसूला गया है। बहरहाल मुंबई में दीपावली के पर्व और बीते कुछ दिनों से चल रही आतिशबाजी के चलते मुंबई के वायु गुणवत्ता पर भी इसका असर हुआ है और मुंबई का एयर क्वालिटी इंडेक्स डेढ़ सौ से बढ़कर सीधा २५० के पार पहुंच चुका है जिसके चलते विशेषज्ञों की ओर से वरिष्ठ नागरिकों और सांस से जुड़ी समस्याओं का सामना करने वाले नागरिकों को बिना वजह घर से बाहर न निकलने और जरूरत पड़ने पर मास्क पहन कर घरों से बाहर निकालने की अपील की गई है।

# मुलुंड में अवैध तरीके से पटाखे की बिक्री करने वालों को लेकर पुलिस अलर्ट

## ४ लोगों पर मामला दर्ज

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड पूर्व और पश्चिम में अवैध तरीकों से पटाखे की बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस की ओर से मामला दर्ज किया गया है इन स्टॉल धारकों के पास से पटाखे भी जब्त कर लिए गए हैं और मामले की अधिक जांच जारी है।

दीपावली का पर्व आते ही मुंबई में कई जगहों पर वैध तो कई जगहों पर अवैध तरीके से पटाखे की बिक्री की जाती है। इसी को देखते हुए मुलुंड पुलिस अलर्ट हो गई है और दीपावली के दौरान अवैध तरीके से पटाखे की बिक्री करने वालों पर शिकंजा कसा गया है। मुलुंड पूर्व और पश्चिम मिलाकर ऐसे कुल चार मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से पहले मामले ४७ वर्षीय मुलुंड निवासी राजेश उबाले पर दर्ज किया गया है। जो की मुलुंड पश्चिम एमजी रोड पर रात ११ बजे पटाखों की बिक्री कर रहा था। दूसरा मामला ४७ वर्षीय श्रीनिवास जायसवाल के खिलाफ दर्ज किया गया है जो मुलुंड पश्चिम जे एन रोड पर अवैध तरीके से स्टॉल लगाकर पटाखे की बिक्री कर रहा था। मुलुंड पश्चिम के साथ-सा मुलुंड पूर्व में भी ३९ वर्षीय एकनाथ शिंदे के खिलाफ अवैध तरीके से पटाखे की बिक्री करने को लेकर आईपीसी की धारा २८६ के तहत मामला दर्ज किया गया है इतना ही नहीं आरोपी के पास से ४९०० उपाय के पटाखे भी जब्त कर लिए गए हैं। म्हाडा कॉलोनी के साथ-साथ आर आर एजुकेशन के पास अवैध तरीके से पटाखे की बिक्री करने को लेकर ५८ वर्षीय शांताराम इनबारकर के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की ओर से नागरिकों से अपील की गई है कि नियमों का पालन करें और कार्रवाई से बचे।

# भांडुप में मामूली विवाद को लेकर दो गुटों में झड़प

## एक की मौत, छह गिरफ्तार

■ होम टाइम्स टीम

भांडुप में दो गुटों के बीच झड़प में एक शख्स की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होने की घटना हुई है। भाई दूज के दिन एक मामूली विवाद के कारण हुई इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कारण भांडुप में दिवाली का त्योहार फीका पड़ गया है।

बुधवार रात करीब १२:३० बजे भांडुप कोंकण नगर में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। इस जगह पर एक निर्माणाधीन इमारत के आसपास जनता फ्लोर मिल के सामने सूरज भालेराव, रितिक शेलार, चेतन नाटेकर, आशीष वने, संग्राम जाधव नाम के युवक पार्टी कर रहे थे। वहां अनिकेत आंब्रे , स्वप्निल आम्ब्रे , विनय राऊत, गणेश कोलपटे, मयूर कोटियान उर्फ दूध, नितेश दिगंबर परब उर्फ चिचो उन्हें चिड़ा रहे थे। इसी छेड़खानी को लेकर उनके बीच बहस हो गई। बाद में गाली-गलौज और मारपीट हुई। स्वप्निल आंब्रे ने संग्राम जाधव के चेहरे पर लोहे के फाइटर से और सिर पर बीयर की बोतल से वार कर घायल कर दिया। इसके अलावा विनीत राऊत, गणेश कोलपटे, मयूर कोटियान, नितेश परब ने भी फिर्यादी और चेतन नाटेकर, आशीष वने, रितिक शेलार को लकड़ी के बांस से पीटा और उन्हें घायल कर दिया। अनिकेत आंब्रे ने सूरज भालेराव को गर्दन के बाईं ओर, सिर पर, पीठ पर और बायीं कांख के नीचे चाकू मारा। इसके बाद वे सभी मौके से भाग खड़े हुए। इस घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण इलाज के दौरान सूरज भालेराव की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने इन सभी मामलों में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

# बीएमसी करेगी सार्वजनिक स्थलों पर डायबिटीज की स्पेशल स्क्रीनिंग

## २० नवंबर से होगी मुहिम की शुरुआत

■ होम टाइम्स टीम

वर्ल्ड डायबिटीज डे के उपलक्ष्य में २० नवंबर से मुंबई महानगरपालिका की ओर से एक नई मुहिम की शुरुआत की जाने वाली है। जिसके तहत मुंबई के भीड़भाड़ वाले इलाके में नागरिकों की निशुल्क डायबिटीज स्क्रीनिंग की जाएगी। डायबिटीज से ग्रस्त नागरिकों को विशेषज्ञों की ओर से डाइट प्लान भी दिया जाएगा।



दीपावली के बाद मुंबई महानगरपालिका की ओर से डायबिटीज की जांच करने के लिए नई मुहिम की शुरुआत किए जाने का फैसला लिया गया है। १४ नवंबर को वर्ल्ड डायबिटीज डे मनाया जाएगा। इस बार त्योहारों के बाद वर्ल्ड डायबिटीज डे मनाया जाने वाला है। इसी को लेकर बीएमसी की ओर से निशुल्क डायबिटीज स्क्रीनिंग की जाने का फैसला लिया गया है। इस पर स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि दीपावली पर लोग मिठाई सहित अन्य व्यंजनों का लुफ्त जमकर उठाते हैं। ऐसे में कई बार लोगों का शुगर लेवल भी बढ़ जाता है। इसी के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। ताकि स्क्रीनिंग के चलते डायबिटीज की बीमारी का समय पर पता लगाया जा सके। २० नवंबर से मुंबई के रेलवे स्टेशन, मॉल सहित अन्य जगहों पर इस निशुल्क स्क्रीनिंग का आयोजन किया जाएगा। यदि स्क्रीनिंग के दौरान कोई संदिग्ध व्यक्ति पाया जाता है, तो उसे घर के समीप आपला दवाखाना भेजा जाएगा और डायबिटीज की पुष्टि होने पर उन्हें मुफ्त में दवाइयां और आहार विशेषज्ञ द्वारा डाइट प्लान भी दिया जाएगा।

# लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों में फेरी वाले कर सकेंगे अपना व्यवसाय

## मध्य रेलवे की ओर से जल्द ही शुरू की जाएगी मुहिम

## २८ नवंबर को होगी ई टेंडर की प्रक्रिया

■ होम टाइम्स टीम

मध्य रेलवे की ओर से उपनगरीय ट्रेनों और एक्सप्रेस गाड़ियों में जल्द ही वैध फेरी वालों को अपना व्यवसाय किए जाने का मौका दिया जाएगा। इस संदर्भ में २८ नवंबर को एक ई नीलामी भी आयोजित की गई है। रेलवे की ओर से यह मुहिम पहली बार आयोजित की जाने वाली है।

ट्रेनों में सफर करते समय अक्सर कई बार मुंबईकरो और अन्य नागरिकों को फेरी वालों का सामना करना पड़ता है जो कि अवैध तरीके से ट्रेनों में घुसकर अपना व्यवसाय करते हैं इसी को देखते हुए मध्य रेलवे की ओर से इन फेरीवालों को ट्रेनों में व्यवसाय करने देने का निर्णय लिया गया है। मध्य रेलवे के मुंबई डिविजन ने उपनगरीय लोकल, लंबी दूरी की मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में फेरीवालों को नियमित करने का निर्णय लिया है। इस काम के लिए मध्य रेलवे की ओर से २८ नवंबर को एक ई-नीलामी आयोजित की जाने वाली है। हालांकि इस काम के लिए फेरी वालों को लाइसेंस शुल्क देना होगा। इसके बाद फेरी वाले खाद्य पदार्थ और अन्य वस्तुएं बेच सकेंगे । लंबी दूरी की मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए कुल ५०० लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं को अनुमति दी जाएगी जबकि उपनगरीय लोकल ट्रेनों के लिए १,५०० विक्रेताओं को लाइसेंस दिया जाएगा। हालाँकि, महानगरी एक्सप्रेस, राजधानी और दुरंतो जैसी प्रीमियम एक्सप्रेस ट्रेनों में विक्रेताओं को अनुमति नहीं दी जाएगी। इस लाइसेंस की वैधता तीन वर्षों के लिए होगी। आपको यह भी बताते चले की लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं को लंबी दूरी की ट्रेनों में पैकेज्ड फूड ,पीने के पानी सहित उपभोग्य वस्तुएं बेचने से प्रतिबंधित किया जाएगा, लेकिन उपनगरीय लोकल ट्रेनों में ऐसा करने की अनुमति दी जाएगी। हालाँकि, यात्रा से संबंधित सामान, मोबाइल/लैपटॉप एक्सेसरीज़, स्टेशनरी और समाचार पत्र/पत्रिकाएं/किताबें जैसे सामान को एक्सप्रेस और लोकल ट्रेनों दोनों पर बिक्री की अनुमति होगी। मध्य रेलवे की ओर से पहली बार ही इस तरीके की मुहिम शुरू की जाने वाली है।

# मुलुंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया काली चौदस का पर्व

■ होम टाइम्स टीम

हर साल की तरह इस साल भी मुलुंड पश्चिम वसंत गार्डन में मां काली मित्र मंडल द्वारा काली चौदस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। जहां भारी तादाद में श्रद्धालु मां काली के दर्शन लेने के लिए पहुंचे थे।

दीपावली की रात कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्दशी के बाद अमावस्या को श्रद्धा-भक्ति के साथ मां काली पूजा का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न काली मंदिरों के साथ ही कई स्थानों पर प्रतिमा स्थापित कर मां काली की पूजा की जाती है। मुलुंड में हर वर्ष इसका भव्य आयोजन किया जाता है। इस वर्ष वसंत गार्डन मां काली मित्र मंडल द्वारा पंडाल में मां श्यामा काली माता की ५.५ फीट की प्रतिमा स्थापित की गई है। साथ ही बगल में रामकृष्ण परमहंस व उनकी पत्नी शारदामनी की भी ३ फुट की मूर्ति को स्थापित की गई है।

आपको बता दें कि बीते १६ वर्षों से इसी



तरीके से यह पर्व संस्थापक पिनाकी सारंगी के मार्गदर्शन में मनाया जा रहा है। तीन दिवसीय इस पर्व की शुरुआत १२ अक्टूबर से हुई थी और हर दिन मां काली की पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं के लिए हर दिन भोग का भी आयोजन किया गया था। पर्व के आखिरी दिन यानी १४ नवंबर को सिंदूर उत्सव कर माता की मूर्ति की विधिवत पूजा अर्चना की गई और पवई तालाब में माता की मूर्ति का विसर्जन किया गया।

> "बीते १६ सालों से लगातार यह पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है इस पर्व में सभी जाति और धर्म के लोग सहभागी होते है। तीन दिवसीय इस पर्व की शुरुआत दीपावली के पावन अवसर पर १२ नवंबर को की गई थी। कोरोना महामारी के बाद मूर्तियों की ऊंचाई बढ़ा दी गई है और पर्व के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह भी बरकरार है।
>
> –पिनाकी सारंगी
> काली माता मित्र मंडल के अध्यक्ष

# महानगर पालिका ने प्रदूषण रोकने के लिए नियुक्त किए क्लीन अप मार्शल

■ होम टाइम्स टीम

शहर में गंदगी फैलाने वालों पर नजर रखने के लिए नियुक्त सफाई मार्शलों के बीच विवाद बढ़ने के डर से महानगर पालिका ने जिस सेवा को निलंबित कर दिया था, उसे अब फिर से शुरू किया जाएगा। इसलिए अब क्लीन अप मार्शल सड़कों को गंदा करने वालों पर नजर रखेंगे। लेकिन फिर से क्लीन-अप मार्शल और लोगों के बीच विवाद न हो इस पर मनपा को नजर रखनी होगी।

साफ-सफाई बनाए रखने और सफाईकर्मियों पर नजर रखने के लिए पहले नगर निगम की ओर से क्लीन अप मार्शल नियुक्त किए गए थे। लेकिन कुछ विवाद के कारण यह नियुक्ति वापस ले ली गई। लेकिन मुंबई में प्रदूषण फैलाने वालों पर नजर रखने और प्रदूषण खतरनाक स्तर से अधिक होने पर दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा क्लीन अप मार्शल नियुक्त किए जा रहे हैं। प्रत्येक वार्ड में २५ से ३० मार्शल नियुक्त किये जाएंगे। ये मार्शल खुले में कूड़ा जलाने वालों और बेवजह प्रदूषण फैलाने वालों पर कार्रवाई करेंगे। वे यह भी निरीक्षण करेंगे कि इमारतों की साइट पर प्रदूषण को रोकने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा जारी नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं। इस निरीक्षण में यदि कोई गड़बड़ी पाई गई तो क्लीन अप मार्शल द्वारा कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका ने पहले मुंबई में खुले में थूकने, नैसर्गिक कार्य करने और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैलाने के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सफाई मार्शल नियुक्त किए थे। लेकिन तस्वीर सामने आई कि ये क्लीनअप मार्शल कार्रवाई में भेदभाव कर भ्रष्टाचार कर रहे थे। पूर्व पार्षदों ने क्लीन अप मार्शल योजना की कार्यप्रणाली की भी आलोचना की थी। इसके बाद महानगर पालिका को यह योजना बंद करनी पड़ी। लेकिन शहर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए मनपा ने एक बार फिर 'क्लीन अप मार्शल' नियुक्त करने का फैसला किया है। इस मार्शल को गंदगी के साथ-साथ प्रदूषण रोकने की भी जिम्मेदारी दी जाएगी।

> "इससे पहले भी मुंबई नगर निगम को सफाई की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ये क्लीन अप मार्शल लोगों से मनमाने तरीके से पैसे वसूलते नजर आए. इसलिए साफ़-सफ़ाई रखना, प्रदूषण रोकने में मदद करना अच्छी बात है, लेकिन अगर क्लीन अप मार्शलों की नियुक्ति करनी है, तो उनके पूरे आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जानी चाहिए।
>
> – प्रदीप जैन, नागरिक

# रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर की गई ७८ हजार रुपए की ठगी

**नवघर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज**

■ **होम टाइम्स टीम**

रेलवे में नौकरी दिलाने की आड़ में भांडुप निवासी से ७८,५०० रुपये की ठगी करने का मामला नवघर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है फिलहाल नवघर पुलिस मामले की अधिकता हकीकत कर रही है।

नवघर पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता प्रताप कहार भांडुप का निवासी है। ८ महीने पहले शिकायतकर्ता की पहचान निकुंज नागदा से हुई थी। निकुंज ने शिकायतकर्ता को बताया कि वह प्रताप की नौकरी रेलवे में लगा कर दे सकता है। निकुंज ने प्रताप को यह भी बताया कि मुलुंड में एक रेलवे अधिकारी के साथ उसकी मुलाकात कराई जाएगी और एडवांस में उन्हें कुछ पैसे देने होंगे। रेलवे में नौकरी पाने के लालच में आकर पीड़ित निकुंज को पैसे देने के लिए तैयार हो गया। मई के महीने में मुलुंड पूर्व मंडप होटल के पास पीड़ित ने निकुंज के अकाउंट में ७८ हजार ५०० रुपए ट्रांसफर कर दिए। कुछ समय इंतजार करने के बाद निकुंज ने पीड़ित को बताया कि रेलवे के अधिकारी बाहर गए हैं और वह बाद में आएंगे। जिसके बाद निकुंज शिकायतकर्ता की बातों को हर बार टालता रहा। कई महीनों इंतजार करने के बाद शिकायतकर्ता ने सीधे नवघर पुलिस स्टेशन का रुख अपनाया और निकुंज के खिलाफ आईपीसी की धारा ४२० के तहत मामला दर्ज करवाया। फिलहाल नवघर पुलिस इस मामले में अधिक जांच कर रही है।

# वैशाली नगर स्थित डी मार्ट रेडी शॉप में चोरों ने की सेंधमारी

## ● चोरी करने का प्रयास रहा विफल ● पुलिस कर रही अज्ञात चोरों की तलाश

■ **होम टाइम्स टीम**

दिवाली के मौके पर दुकानों में जमकर कारोबार होता है। इसी टर्नओवर को देखते हुए चोरों की नजर अब ऐसी दुकानों पर जहां लाखों का कारोबार होता है। इसी वजह से सेंधमारी की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसी ही एक घटना रविवार को मुलुंड में सामने आई।

रविवार, ११ नवंबर को मुलुंड के वैशाली नगर इलाके में शालिनी गरजेकर हमेशा की तरह सुबह अपनी डी मार्ट रेडी शॉप पर गईं। उस समय उन्हें अपनी दुकान के दोनों तरफ के शटर के लॉक खुले हुए मिले। उन्होंने दुकान का शटर खोलकर अंदर निरीक्षण किया तो अंदर का सामान बिखरा हुआ मिला। यह भी देखा गया कि जिस जगह शटर तोड़ा गया, वहां आसपास के लॉकरों से भी छेड़छाड़ की गई थी। लेकिन जब लॉकर खोला गया तो पता चला कि अंदर रखे पैसे जस के तस थे। चोरों ने चोरी के इरादे से शटर तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की, लेकिन अंदर घुसने के बाद वे किसी भी तरह से दुकान से नकदी चुराने में कामयाब नहीं हो सकें। इसलिए उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। लेकिन जानकारी सामने आ रही है कि मुलुंड में अन्य जगहों पर भी चोरी की ऐसी घटनाएं हुई हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि दिवाली के दिन चोर ऐसी दुकानों को अपना निशाना बनाते हैं क्योंकि बिजली की दुकानें, अनाज की दुकान, कपड़े की दुकान में पैसों का अच्छा कारोबार होता है।

# बेस्ट ठेका कर्मियों को दिवाली बोनस मिला

## कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल फैल गया

■ **होम टाइम्स टीम**

महाराष्ट्र राज्य कर्मचारी संघ के ७५०० कर्मचारियों की दिवाली आखिरकार खुशियों से भरी रही क्योंकि उन्हें दिवाली बोनस मिला है। बोनस की रकम उनके खाते में जमा होनी शुरू हो गई है. इस बोनस से कर्मचारियों में संतुष्टि का माहौल है।मंगलवार को मुलुंड बेस्ट डेपो के बाहर श्रमिक संघ के कर्मचारियों ने एक दूसरे के गले मिलकर खुशी मनाई।

महाराष्ट्र राज्य बेस्ट कर्मचारी संघ के कर्मचारी दिवाली बोनस और अन्य मांगों को लेकर लगातार बेस्ट प्रशासन से संपर्क कर रहे थे। उनका प्रयास अंततः सफल रहा। बेस्ट के ७५०० ठेका श्रमिकों की दिवाली मीठी रही। इएड्ढ में कार्यरत कंडक्टर , ड्राइवर, तकनीशियन जैसे ठेका श्रमिकों के लिए हंसा, स्विच, डागा, मातोश्री ठेकेदारों से अनुबंध के आधार पर कर्मचारियों की भर्ती की जाती है। हर साल ये कंपनियां कर्मचारियों के दिवाली बोनस के लिए इएड्ढ प्रशासन का फॉलोअप करती हैं। इस वर्ष भी बोनस पाने के लिए इएड्ढ प्रशासन से लगातार संपर्क किया गया जो आख़िरकार सफल हो गया। इएड्ढ प्रशासन ने इन ठेकेदारों के खातों में प्रत्येक कर्मचारी के पीछे ८.३३% जमा किया। तो अंततः सभी संस्थानों का यह बोनस जमा कर दिया गया और ८० प्रतिशत कर्मचारियों को उनकी बोनस राशि भी मिल गई । लेकिन, ठेका कंपनी डागा की ओर से यह बोनस कर्मचारी के खाते में जमा नहीं किया गया । इसके लिए बेस्ट संगठन की ओर से आंदोलन का रास्ता अपनाया गया । इसलिए बेस्ट प्रशासन ने बोनस का पैसा भी डागा कंपनी के खाते में जमा करा दिया । परिणामस्वरूप, देर-सबेर इस कंपनी से मिलने वाला बोनस अब बाकी कर्मचारियों के खाते में जमा हो जाता है। इसलिए, मुलुंड बेस्ट डेपो के बाहर, ठेका बेस्ट वाहक, ड्राइवरों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर खुशी मनाई।

# ठग ने बिजली सप्लाई काटने का डर दिखाकर एक वरिष्ठ नागरिक से धोखाधड़ी की

■ **होम टाइम्स टीम**

मुलुंड में वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाकर नागरिकों को लूटने के मामले बढ़ते ही जा रहे है। मुलुंड में इस तरह की धोखाधड़ी अभी भी बड़े पैमाने पर हो रही है। भोले-भाले नागरिकों से लाखों रुपये की ठगी की जा रही है। ऐसी ही घटना नवघर पुलिस थाने की सीमा में हुई है। एक अज्ञात व्यक्ति ने स्वयं को महावितरण का कर्मचारी बताकर एक वरिष्ठ नागरिक को ठगा है।

इन अपराधियों द्वारा दोपहर के समय महावितरण बिल का भुगतान करने के लिए संदेश भेजे जाते हैं और उस समय घर पर कोई नहीं होने की वजह से वरिष्ठ नागरिकों को ऑनलाइन भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाता है और उनके नंबर हैक कर लिए जाते हैं और लाखों की लूट की जाती है।

नवघर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक अपराधी ने ऑनलाइन भुगतान करने के नाम पर एक वरिष्ठ नागरिक का मोबाइल फोन हैक कर लिया और उनकी दो एफडी से पैसे निकाल लिए। यह रकम उस अपराधी ने अपने विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर ली। दिवाली उत्सव के दौरान बिजली आपूर्ति में बाधा से बचने के लिए दोपहर में मुलुंड पूर्व के रघुनाथ कलमकर को दिए गए संदेश को उन्होंने गंभीरता से लिया। मैसेज में जोशी नाम के महावितरण अधिकारी का नंबर भी था। इसके मुताबिक कलमकर ने इस नंबर पर संपर्क किया और पूछा कि उन्होंने किये गए ५००० रुपये का भुगतान अभी तक कैसे नहीं हुआ। लेकिन उक्त अधिकारी ने कहा कि आपके बिल भुगतान का पैसा ऑनलाइन नहीं दिख रहा है इसलिए उन्हें दोबारा एक लिंक भेजा और उस पर भुगतान करने को कहा। तदनुसार, रघुनाथ ने अपने मोबाइल फोन पर लिंक खोलने का प्रयास किया। लेकिन लिंक नहीं खुलने पर उसने अपनी पत्नी के मोबाइल पर लिंक खोला और वहां से भुगतान कर दिया। इस खाते पर उनकी पत्नी की दो एफडी बैंक में जमा थीं। तो कुछ देर बाद मैसेज आया कि उनके खाते में मौजूद एफडी को तुड़वाकर पैसे दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए गए हैं। ऐसे मैसेज मिलने के बाद रघुनाथ को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है। इसलिए उन्होंने इस संबंध में नवघर पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। लेकिन दिवाली के दिनों में बिजली कटौती से बचने के लिए बरती गई सावधानी इस परिवार के लिए आर्थिक धोखा साबित हुईं।

अपराधियों द्वारा ऐसे संदेश दोपहर के समय भेजे जाते हैं या संपर्क का समय भी दोपहर का होने की संभावना होती है। इस समय अधिकांश नागरिक सो रहे होते हैं। इसलिए नींद में गलती से लेन-देन करने का खतरा अधिक रहता है। या फिर बुजुर्ग आदमी घर पर अकेले रहते है। इसी का फायदा ऑनलाइन साइबर अपराधी उठाते हैं। इसलिए नागरिकों को अधिक जागरूक होने की जरूरत है। पुलिस ने अपील की है कि ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करते वक्त ज्यादा सावधानी बरतें।



जसराज एंटिक®

सरोज गड़ा (मुलुंड-पूर्व) (राईधनजर-गढ़शीशी)
स्पेशल फेस्टिवल ऑफर
10% से 40% तक की छूट
१ ग्राम सोने के आभूषणों में नए डिजाइनों का खजाना उपलब्ध है।
बेहतरीन और आकर्षक डिजाइन जो असली जेवरात को भी फीका कर दे
+कुंदन + नेकलेस सेट, पेंडेंट बूटी लॉन्ग सेट, चंदनहार, जवहार, जवपतला गोल्ड,
रहोडियम ब्रेसलेट, चेन और कई अन्य प्रकार के शानदार और आकर्षक जेवरात
पुराने और नवीन सभी ग्राहकों का स्वागत
नागरिकों का भरोसा मतलब जसराज एंटीक का स्पेशल ऑफर
फेस्टिवल ऑफर पर १० से ४० फ़ीसदी तक की छूट
CONTACT : GIRISH GADA - 9821376756 SAROJ GADA - 9821854370
Note: Before coming pl buzz on Cell.

Helpline

सिटीजन रिपोर्टर
78956 78956

होम केबल
022 - 6614 6060

होम नेट
022 - 6621 1333
customerservice@homenet.net

होम टाइम्स
022 - 6614 6050
write2us@hometimes.in

विज्ञापन दें
होम टाइम्स
और
होम केबल
78957 78957
homecableads@gmail.com

उक्त जानकारी के लिए कृपया संबंधित नंबरों पर कॉल करें

## विज्ञापनदाताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना

साप्ताहिक होम टाइम्स में विज्ञापनदाताओं द्वारा विविध प्रकार के विज्ञापन प्रकाशित किये जा रहे हैं। इस विज्ञापन में जो भी टेक्स्ट छापा जाता है। उसकी पूरी जिम्मेदारी विज्ञापनदाता की है। इस बारे में पाठक खुद जांच परख ले। विज्ञापन के बारे में कानून या अन्य मामले में साप्ताहिक होम टाइम्स के व्यवस्थापन मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इस परध्यान दिया जाये।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक






डॉ. मोनिशा रावत

## 'सुजोक' गले में खराश (स्ट्रेप थ्रोट)- सर्दियों के मौसम में...

### बिना दवा के उपचार-प्राकृतिक तरीकों से-१

### गले की खराश को इग्नोर ना करें, क्योंकि यह हो सकता है गंभीर बीमारियों का संकेत




हमारे देश में सर्दियों का आगमन हो चुका है। साथ ही हम सभी गर्मी से राहत पाकर खुश हैं और उत्सवों का मौसम शुरू हो चुका है इसलिए हमें खुद को स्वस्थ और उर्जावान बनाये रखना है। क्योंकि कम तापमान की शुरुआत अपने साथ कई बीमारियाँ लेकर आती है और उनमें में से एक है स्ट्रेप गले की समस्या।

स्ट्रेप थ्रोट, गले और टॉन्सिल में एक संक्रामक (कॉन्टेजियस) जीवाणु, इन्फेक्शन है यह श्वसन बूंद (सिरिपिरेटरी ड्रायलेट) और सीधे संपर्क में आने से फैलता है।

**लक्षण**

१. गले में दर्द साथ निगलने में भी दर्द
२. मवाद (पस) और सफेद धब्बे के साथ टॉन्सिल में सूजन और लाल होना
३. मुंह के अन्दर, ऊपरी भाग पर लाल धब्बे होना
४. बुखार
५. सिरदर्द



६. जलन
७. लिम्फ नोड्स में सूजन
८. उल्टी या मतली (नोशिया )

**हमारे 'मोनिशाज मंत्रा' में हमने कई लोगों को बिना दवा और बिना किसी साइड इफेक्ट के उनके स्ट्रेप थ्रोट इन्फेक्शन से छुटकारा दिलाने में निम्नलिखित तरीकों से उनका उपचार किया है।**

**उपचार के तरीके**

१. गर्म पानी में नमक डालकर, दिन भर में ४-५ बार रूक-रूक कर गरारे करना। जो सूजन और दर्द को कम करने के लिए प्रभावी उपचार है।
२. दिनभर में २-३ बार, अदरक, शहद, हल्दी नींबू वाली एंटी-इंफ्लेमेटरी हर्बल चाय पिएं।
३. गुनगुना गर्म पानी पीना।
४. गरम सब्जियों का सूप पीना।
५. आराम करना और अच्छी नींद लेना।

### सुजोक थैरापी

**अ) एक्युप्रेशर –** हाथ के अंगुठे के डिस्टल जोड़ के अंदरूनी हिस्से पर गले और टॉन्सिल क्षेत्र के दर्दनाक पाइंट का पता लगाकर, उसे डायगनोस्टिक प्रोब से एक मिनट के लिए दिन में ३-४ बार मालिश/मसाज करना (चित्र १ में दर्शायेनुसार)




**ब) सीड़ थैरापी–** रात को सोते वक्त हाथ के उंगुठे पर उत्तेजित गले और टॉन्सिल से संबंधित पाईंट पर चिपकाने वाले टेप पर सुखे हरे मटर के दाने लगाकर चिपकाना (चित्र २ में दर्शायेनुसार)




**इंटरनेशनल सुजोक असोसिएशन (ISA) सर्टिफाइड वर्कशाप शेड्युल**

१. ऑनलाइन-सुजोक-बेसिक (लेवल -I) 29/11 to 08/12/2023
२.ऑनलाइन-सुजोक-बेसिक Ki (लेवल -I) 09/12 to 11/12/2023
३. रेसिडेंशियल, मेरिडियन सुजोक Ki (लेवल -II) 2/12 to 4/12/2023
४. ऑनलाइन -मेरिडियन सुजोक- Ki (लेवल -II) 18/12 to 28/12/2023
५. रेसिडेंशियल - सुजोक six ki-1 (लेवल -III) 08/4 to 13/04/2024

LIMITED SEATS. REGISTRATION ON FIRST CUM FIRST BASIS CALL ON-8422948592/8655139777.

**डॉ. मोनिशा रावत- संस्थापक 'मोनिशाज मंत्रा' मुंबई एवं ग्लोबल वी-केयर फाउंडेशन,** M.Sc., MD (Alternative Medicines), **लाइफ कोच, मास्टर इन सुजोक थैराषी, कन्सल्टिंग न्यूट्रीशनिस्ट, होलेस्टीक काउन्सलर, कारपोरेट ट्रेनर, सुजोक डायबिटीज स्पेशलिस्ट, इंटरनेशनल लेक्चरर फार 'सुजोक एन्ड स्माईल ताई-जी'. ISA ऑथराईज्ड लेक्चरर फार लेवल - I, II, III & IV**

**Award Winner as a BEST PERFORMING TEACHER by International Sujok Association (ISA) – SIC 2019**
**NATIONAL EXCELLENCE HEALTH AWARD – 2019 During COVID-19**
**Award winner of Inernational Women Excellence Empowerment Award (WEE) – 2020 as a RISING STAR**
**Award winner of India Best Therapist Award for the Year 2021 by MKSS**
**Award Winner of ET CHANGE MAKER-2022 for Health & Wellness powered by Economic Times-Ascent & Navbharat Times**
**An ISO Certified Centre at Mumbai**
**Mulund- +91 8655139777/ 9029960086, Goregaon - +91 8433947592/9820343592**



सुनिता देसाई

## राशिफल

Saturday, 18th Nov to 24th Nov 2023

२००३ से टैरोट रीडिंग कर रही हैं। इसके अलावा वे ग्रांड मास्टर इन रेकी, चार लेवल इन चक्रा मेडिटेशन, मास्टर इन मर्मा, जि.पी इन शियात्सु, क्रिस्टल और पिरामिड एक्सपर्ट, मास्टर ऍक्युप्रशरिस्ट,अरोमा थेरॉपिस्ट, प्राणिक हीलर, औरा रीडर और वर्च्यू प्रैक्टिश्नर हैं। व्यक्तिगत सलाह के लिए मिलें.


**+91 93234 30355 desaisunita02@gmail.com**





**मेष** (अ, ल, इ)
**भविष्यवाणी:** आपको आपके सभी प्रियजन और करीबी लोग स्वीकार करेंगे। कोई आपकी अच्छी मदद करेगा।
**सलाह:** १) सभी ज्ञात और अज्ञात लोगों से मित्रतापूर्ण व्यवहार करने का प्रयास करें। २) विनम्र रहें और बुजुर्ग लोगों की मदद करें। ३) अपनी याददाश्त पर ध्यान दें।




**कर्क** (ड, च, ह)
**भविष्यवाणी:** आपको किसी कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा। आप बेकार की चीजों पर पैसा खर्च करेंगे।
**सलाह:** १) आशावादी और सामाजिक तथा निःस्वार्थ बनें। २) पक्षियों और जानवरों को खाना खिलाएं। ३) अंतर्दृष्टि पर ध्यान दें।




**तुला** (र, त)
**भविष्यवाणी:** आपकी संतुष्टि से आपको मानसिक शांति मिलेगी और आप अच्छे से काम करेंगे। **सलाह:** १) अपना सामान अपने प्रियजनों के साथ साझा करें। २) पढ़ने से आपको मदद मिलेगी इसलिए आप जो पढ़ते हैं उसे पढ़ें और समझें। ३) अपने लाभ पर ध्यान दें।




**मकर** (ख, ज)
**भविष्यवाणी:** आपके पास बहुत सारे विचार आएंगे लेकिन व्यवहारिक रूप से आपको सफलता नहीं मिलेगी।
**सलाह:** १) दूध या छाछ अधिक पियें। २) सफेद रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी भावनाओं पर ध्यान दें।





**वृषभ** (ब, व, य)
**भविष्यवाणी:** जिन लोगों पर आप भरोसा करते हैं, उनसे आपको सहयोग नहीं मिलेगा। योजना बनाने से परिस्थिति अधिक सशक्त रहेगी। **सलाह:** १) त्वरित निर्णय लें और त्वरित कार्रवाई करें। २) समय और परिस्थिति जैसी है वैसे ही चलने का प्रयास करें। ३) नए रिश्तों पर ध्यान दें।




**सिंह** (म, ट)
**भविष्यवाणी:** आप किसी भी चीज़ या व्यक्ति से खुश नहीं रहेंगे। आप बंधा हुआ महसूस करेंगे। **सलाह:** १) किसी पवित्र स्थान या मंदिर के दर्शन करें। २) पक्षियों या जानवरों को खाना खिलाने से आपको मदद मिलेगी। ३) अपने नए विचारों पर ध्यान दें।




**वृश्चिक** (न, य)
**भविष्यवाणी:** आप जो चाहते हैं वह आपको मिलेगा और कोई छिपा हुआ सच किसी के द्वारा उजागर हो जाएगा।
**सलाह:** १) लोगों की बात ध्यान से और स्पष्ट रूप से सुनें। २) अपना काम स्वयं करें और किसी पर भरोसा न करें। ३) अपनी जिम्मेदारियों पर ध्यान दें।





**कुंभ** (ग, स, श)
**भविष्यवाणी:** आप अपने पिछले कर्मों का दोबारा उपयोग करने के लिए उनका सर्वेक्षण करने में बहुत मेहनत करेंगे।
**सलाह:** १) किसी ऐसे व्यक्ति की मदद करें जो कुछ आशा लेकर आपके पास आता है। २) हरे रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी ख़ुशी पर ध्यान दें।




**मिथुन** (क, च, ज)
**भविष्यवाणी:** आप अपनी मौलिकता और लचीलेपन से प्रसन्न रहेंगे। कोई आपको धोखा देने की कोशिश करेगा।
**सलाह:** १) आपका अनुभव आपके शिक्षक याद रखेंगे। २) आपकी भावनाएँ और शक्ति स्थिर रहेगी। ३) अपने निवेश पर ध्यान दें।




**कन्या** (प, ठ, ण)
**भविष्यवाणी:** आप अपनी पिछली गलतियों को सुधारने के लिए काफी मजबूत होंगे और इससे आपको बहुत मदद मिलेगी। **सलाह:** १) आपको परिस्थितियों को समझने का प्रयास करना चाहिए। २) जिस पर आपको भरोसा हो उससे सलाह लें। ३) अपनी इच्छा शक्ति पर ध्यान दें।




**धनु** (भ, ड, फ, ठ)
**भविष्यवाणी:** आपको कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज और खुशियाँ मिलेंगी।
**सलाह:** १) ज्यादा से ज्यादा सोने के आभूषण पहनें। २) पीले रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने शब्दों पर ध्यान दें।




**मीन** (द, च, झ)
**भविष्यवाणी:** अच्छा समय है और आपकी कई समस्याएं सुलझ जाएंगी।
**सलाह:** १) अपनी ख़ुशी केवल अपने शुभचिंतकों को दिखाएं। २) गुलाबी रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी शांति पर ध्यान दें।

# शिवसैनिकों ने सांसद संजय राऊत की तस्वीर पर जूते मारकर जताया विरोध

## दूसरी तरफ ठाकरे गुट पहुंचा पुलिस स्टेशन,दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग

■ होम टाइम्स टीम

बुधवार को मुलुंड में राजनीतिक माहौल काफी गरमाया था। शिवसैनिकों ने उनकी अर्धनग्न फोटो दिखाकर उनके कार्य की निंदा की। उनके खिलाफ नारेबाजी की गई। इस बार शिवसैनिकों उनकी अर्धनग्न फोटो को जूते मारकर आंदोलन किया।

सांसद संजय राउत के जन्मदिन पर शिवसैनिकों ने विरोध प्रदर्शन किया। मुलुंड में शिवसैनिकों ने राउत की अर्धनग्न तस्वीर दिखाते हुए और उनकी तस्वीर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का घड़ी का लोगो लगाकर विरोध किया। राऊत ने कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था। कुछ दिन पहले ही राऊत ने मुख्यमंत्री के कपड़ो पर बीजेपी के लोगो को लेकर बयान दिया था। बुधवार को उस बयान पर शिवसेना ने हंगामा किया और राउत के जन्मदिन पर इसकी निंदा की। इस दौरान शिवसैनिकों ने चेतावनी भी दी कि अगर राउत ने तुरंत ऐसे भड़काऊ बयान बंद नहीं किए तो वे उनके घर के सामने जाकर और भी उग्र प्रदर्शन करेंगे।




> “जिस तरह से उन्होंने हमारे नेता की आलोचना की है इसी तरह से हमने संजय राउत को जवाब दिया है। हालांकि, अगर राउत इसी तरह से आलोचना करते रहेंगे तो हम कड़ा विरोध करेंगे।' हम उनके घर के बाहर धरना देंगे।
>
> –जगदीश शेट्टी, मुलुंड विभाग प्रमुख

### ठाकरे गुट का पलटवार

संजय राउत की ओर से उद्धव बालासाहेब ठाकरे ने भी, शिवसेना की ओर से एकनाथ शिंदे गुट की निंदा की है। ठाकरे समूह के कार्यकर्ताओं की मांग है कि राउत को बदनाम करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाना चाहिए। विधायक प्रवेश कोरगांवकर और सांसद संजय राऊत के भाई विधायक सुनील राऊत ने मुलुंड पुलिस स्टेशन आकर मांग की कि मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए शिंदे समूह के कार्यकर्ताओं के खिलाफ जल्द से जल्द मामला दर्ज किया जाए। उन्होंने पुलिस सहायक पुरूषोत्तम कराड से मुलाकात की और मांग की।

> “दोषियों के खिलाफ तुरंत मामला दर्ज किया जाए और उन्हें गिरफ्तार किया जाए। अगर दो दिनों के अंदर मामला दर्ज नहीं किया गया तो वे सांसद संजय राऊत को साथ लेकर थाने तक मोर्चा निकालेंगे।
>
> – सुनील राऊत, विधायक

# झूठा पुलिस बनकर व्यापारी को लूटा

## व्यापारी को लगाया १.९२ लाख के आभूषण का चूना

■ होम टाइम्स टीम

खुद को पुलिसकर्मी बताकर मुलुंड में एक व्यापारी से एक लाख ९२ हजार रुपये की उगाही करने का मामला सामने आया है। उक्त व्यापारी ठाणे से मुंबई की ओर जा रहा था। उस समय एक ठग ने उन्हें रास्ते में रोककर बातचीत करने का नाटक किया और उन्हें झांसा देकर उनके पास रखे लाखों के गहने लूटकर ठगी भाग गया ।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार , मुलुंड के कारोबारी हरीश साल्वे १२ नवंबर को दोपहर करीब १२:०० बजे ठाणे से मुलुंड की ओर पैदल घर जा रहे थे। तभी सड़क पर एक दोपहिया वाहन ने उसे रोक लिया। वह बाइक से उतरा और उन्हें बताया कि वह पुलिस है। हम इस जगह पर एक आरोपी की तलाश कर रहे हैं और साल्वे से कहा कि वह आपके जैसा ही है और उनसे अपने शरीर से आभूषण निकालने के लिए कहा। उस पर विश्वास करके साल्वे ने अपने शरीर से सारे गहने उतारकर रुमाल में रख दिए। इसके बाद उसने कहा कि आगे भी इसी तरह की पुलिस की जांच जारी है। वैसे तो आप इस तरह के आरोपी लगते नहीं है लेकिन यदि आप आपके गले और हाथों पर आभूषण दिखे तो आपसे फिर से रोककर पूछताछ की जा सकती है। इतना कहकर ठग ने हाथ चालाकी से झूठे गहनों का रूमाल साल्वे के हाथ में दिया और फरार हो गया। स्कूटर से मुलुंड पहुंचने के बाद सालवे ने जब रूमाल खोला तो देखा कि रुमाल में रखे आभूषण उनके मूल आभूषण से अलग थे। तब उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है। उन्होंने कोपरी पुलिस में मामला दर्ज कराया। साल्वे ने पुलिस को बताया कि चोरी गए आभूषणों की कीमत १ लाख ९२ हजार रुपये है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

CALL CENTER
**022 66211333**

E-MAIL ID
**customerservice@homenet.net**

FACEBOOK MESSENGER
**HomeNet / @homenet.net**

**Facebook Messenger Scan Code**: To get in touch, simply scan a code using the Messenger app.

**HOME NET**
www.homenet.net

WOW! 67 OFFER

DOUBLE MAZZA!!
uploads & downloads
at same speed, since 2010
now @ ₹194/-*

Pay For 6 Months & Get Additional 7 Months Free

## TRULY UNLIMITED SPEED PLANS

| PLAN NAME | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|
| 20 Mbps Unlimited | 500/- | NOW 231/-* | 3000/- |
| 30 Mbps Unlimited | 600/- | NOW 276/-* | 3600/- |
| 40 Mbps Unlimited | 720/- | NOW 332/-* | 4320/- |
| 50 Mbps Unlimited | 850/- | NOW 392/-* | 5100/- |
| 60 Mbps Unlimited | 985/- | NOW 455/-* | 5910/- |

## UNLIMITED POWER PLANS

| PLAN NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|---|---|
| 40 Mbps till Allotted Data | 250 | 20 Mbps | 600/- | NOW 277/-* | 3600/- |
| 60 Mbps till Allotted Data | 500 | 30 Mbps | 750/- | NOW 346/-* | 4500/- |

UPLOAD OR DOWNLOAD @SAME SPEED
99% UPTIME
- Affordable Rates
- Super speed Upto 100 mbps
- Customer support Android / IOS app
- Online Payments
- Customer care 9 am - 12 midnight

67 OFFER

## NEWLY LAUNCHED - FIBER TO THE HOME TECHNOLOGY

HOME FIBER powered by HomeNet

UNLOCK YOUR SUPERPOWER

## INTRODUCTORY HOME FIBER PACKS

UPGRADE YOUR EXISTING HOME NET TO
NEW FIBERNET EXPERIENCE WITH
ZERO INSTALLATION COST**
For New Customers installation charges of Rs.500/-* applicable

## HOME FIBER TRULY UNLIMITED SPEED PACKS

| PACK NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | EFFECTIVE MONTHLY RATE | 360 DAYS |
|---|---|---|---|---|
| 35 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 337/-* | 4040/- |
| 50 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 421/-* | 5050/- |
| 75 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 505/-* | 6060/- |
| 100 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 589/-* | 7070/- |

Many more Speed Pack options available up to 500 Mbps
** offer available only at the FTTH G / EPON Ready Building

TO AVAIL THIS
INTRODUCTORY OFFER
IN YOUR SOCIETY
PLEASE COME TO US WITH
A MINIMUM GROUP OF
15 CONNECTIONS

SYMMETRIC SPEED
SUPER SPEED PACK UP TO 500MBPS
EASY LOCAL APPROACH FOR ISSUE RESOLUTION
FASTER VISITS FOR TECHNICAL SOLUTIONS
NO VISIT CHARGES FOR ISSUES & COMPLAINTS

Customer Portal **login.homenet.net**
Customer Service Mobile App **Log2Space - HomeNet**
Download on the App Store | GET IT ON Google Play

FOR NEW CONNECTIONS OR QUERIES CALL
**Call - 75067 96562, 88790 00724, 88790 00720, 88794 47839**
**MULUND** - A / 16, Gaurav Annex, R.R.T Road, Mulund (W), Mumbai - 400 080. Tel.: 022 662 11 333

MALAD • COLABA • VASHI • NERUL • THANE • AIROLI • ASANGAON • VASIND

*conditions apply

Printer, Publisher& Owner : **Hemanshu Girish Kothari**& Printed at Dangat Media Pvt. Ltd, Plot No.22, Digha MIDC, Vishnu Nagar, TTC Industrial Area, Digha, Navi Mumbai. Published at G/4, Landmark Appartment, Devidayal Cross Road, Mulund (W), Mumbai - 80.**Home Times (Office):** - 6th Floor, Flora Point, S.N. Road, Near Mulund Court, Mulund (W), Mumbai-80. **Editor : Hemanshu Girish Kothari** ● **RNI No. MAHHIN/2016/75969**